हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 अच्छी बारिश की कामना से रचाया भीमा विवाह...



12 गौ सम्मान आह्वान अभियान के लिए ब्लाकों...




## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स



1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.


## अंतागढ़ के सारंडी छात्रावास में संदिग्ध मौत से फैली सनसनी

# 14 वर्षीय छात्र का शव कब्र से निकाला अब पोस्टमार्टम से खुलेगा मौत का राज

*अंतागढ़ थाना क्षेत्र के सारंडी स्थित छात्रावास में कक्षा 9 वीं के 14 वर्षीय छात्र की संदिग्ध मौत का मामला अब बेहद संवेदनशील और गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। पहले बिना पोस्टमार्टम कराए छात्र के शव को जल्दबाजी में दफना दिए जाने के आरोप लगे, लेकिन परिजनों के विरोध और न्याय की मांग के बाद एसडीएम के आदेश पर प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम की मौजूदगी में छात्र का शव कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अब पूरे मामले की सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आने की उम्मीद है।*





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मृतक छात्र के परिजनों का आरोप है कि उनके बेटे की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी, लेकिन मामले की गंभीरता को नजरअंदाज करते हुए बिना किसी चिकित्सकीय परीक्षण के ही अंतिम संस्कार करा दिया गया। उनका कहना है कि यदि समय रहते पोस्टमार्टम कराया जाता तो मौत के वास्तविक कारणों का तत्काल पता चल सकता था। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि छात्रावास प्रबंधन की ओर से पोस्टमार्टम नहीं कराने के लिए उन पर दबाव बनाया गया। इससे उन्हें पूरे मामले में लापरवाही और तथ्यों को छिपाने की आशंका हुई।

इसी आधार पर मृतक छात्र के पिता ने एसडीएम को लिखित शिकायत सौंपकर शव का उत्खनन कर पोस्टमार्टम कराने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम ने दफन शव को बाहर निकालने की अनुमति दी। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में कब्र की खुदाई कर शव बाहर निकाला गया और विधिवत पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शव निकालने की पूरी प्रक्रिया के दौरान पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। यह भी बात सामने आ रही है कि छात्रावास के कई बच्चे बीमार हुए थे, परंतु मृत्यु केवल एक की हुई थी। इन सभी कारणों के मध्य जब तक पूरे मामले की जाँच नहीं हो जाती, तब तक सही तस्वीर सामने आ पाना संभव नहीं दिखता है।


### छात्र की मौत पर रहस्य की छांया

*प्रशासनिक निगरानी में शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। चिकित्सकीय जांच से यह स्पष्ट होने की उम्मीद है कि छात्र की मौत बीमारी, दुर्घटना, किसी आंतरिक कारण या किसी अन्य संदिग्ध परिस्थिति में हुई थी। रिपोर्ट ही आगे की जांच की दिशा तय करेगी।*

### पीएम के बाद पता चलेगा सही कारण

*प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही छात्र की मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच की जाएगी और यदि किसी अधिकारी, कर्मचारी या छात्रावास प्रबंधन की लापरवाही अथवा नियमों की अनदेखी सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी*

## खबर संक्षेप



### दो बाइक में भिड़ंत एक चालक की मौत

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानाक्षेत्र में मर्ग कायम की विवेचना में पाया गया कि ग्राम कस्तूरा निवासी 55 वर्षीय चम्पालाल नुरेटी की 16 अक्टूबर को इलाज के दौरान डीकेएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रायपुर में मृत्यु हो गई थी। जांच से स्पष्ट हुआ कि खूटगांव मरघटी के पास बिना नंबर की प्लेटिना मोटरसाइकिल को आरोपी लोकेश उइके द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मृतक की मोटरसाइकिल क्रमांक सजी 19 बीएच 4389 को टक्कर मार दी गई थी, जिससे उन्हें गंभीर सिर की चोट आई थी। मर्ग जांच में अपराध सिद्ध पाए जाने पर थाना कोयलीबेड़ा में आरोपी के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) एवं 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### सार्वजनिक शराबखोरी करते युवक गिरफ्तार



**कांकेर।** थाना नरहरपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को 18 जुलाई को मुखबिर से जानकारी मिली कि नरहरपुर-हल्बा मार्ग पर सेनहा पेड़ के पास एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहा है। पुलिस ने वार्ड क्रमांक 9 नरहपुर निवासी 40 वर्षीय निर्मल विश्वकर्मा शराब पीते मिला। मौके से एक खाली किंगफिशर बीयर की बोतल एवं एक डिस्पोजेबल गिलास जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### भंडारीपारा के योग शिविर में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



**कांकेर।** जिला आयुष विभाग के तत्वाधान में सुपर 60 मॉडल स्कूल, शासकीय पूर्व माशा भंडारीपारा में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीण समुदाय को योग के महत्व से परिचित कराना तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हेमेंद्र साहसी एवं अंजलि गुना के मार्गदर्शन में हुआ। जिला आयुष विभाग की योग चिकित्सक डॉ. पुष्पा ध्रुव तथा आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. निष्ठा प्रधान ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। डॉ. ध्रुव ने बताया कि नियमित योग से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है, जिससे शारीरिक ▶▶| शेष पेज 10 पर

### घर में अज्ञात लोगों ने की तोड़फोड़, 25 हजार की क्षति



**कांकेर।** ताड़ोकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बर्रेबेड़ा में एक घर में घुसकर अज्ञात लोगों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने घटना की लिखित शिकायत थाना ताड़ोकी में दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम बर्रेबेड़ा निवासी 40 वर्षीय रामनाथ उईके ने पुलिस को बताया कि 18 जुलाई को दोपहर करीब ढाई बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति घर में घुस गए। उन्होंने घर में रखा सामान बाहर निकालकर जमकर तोड़फोड़ की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने घर में ताला लगाकर उसकी चाबी भी अपने पास रख ली, जिससे पीड़ित अपने ही घर में प्रवेश नहीं कर सका। घटना में घरेलू सामान क्षतिग्रस्त होने से उन्हें लगभग 20 से 25 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया है कि इस घटना से उनके परिवार को मानसिक और आर्थिक दोनों तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद रामनाथ उईके ने थाना ताड़ोकी पहुंचकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पीड़ित ने आवेदन में कहा है कि अज्ञात व्यक्तियों की इस हरकत से उसे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है। इधर पुलिस ने पीड़ित का आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक स्तर पर पुलिस घटनास्थल और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## तुड़गे में तीन परिवार के 17 सदस्यों की घर वापसी पर परंपरागत रीति से स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

■ जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों ने एकता व सांस्कृतिक संरक्षण का दिया संदेश

तुड़गे में रविवार को आयोजित एक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम में तीन परिवारों के कुल 17 सदस्यों ने ईसाई धर्म छोड़कर अपने मूल धर्म में वापसी की। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस दौरान सामाजिक एकता, सांस्कृतिक पहचान और परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया।

विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम तुड़गे में रविवार को सामाजिक एवं धार्मिक परंपराओं के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में तीन परिवारों के कुल 17 सदस्यों ने अपने मूल धर्म में वापसी की। इस अवसर पर गांव के गायता, पटेल, समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि-विधान के साथ देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद मूल धर्म में लौटे ▶▶| शेष पेज 10 पर



### युवाओं को जोड़ने दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। उन्होंने मूल धर्म में लौटे परिवारों का विधिवत स्वागत करते हुए समाज के प्रति उनके दायित्वों और परंपराओं के पालन का संदेश दिया। साथ ही युवाओं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, रीति-रिवाज और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

इस अवसर पर गोंडवाना समाज सर्कल अध्यक्ष हरून दर्रो, ग्राम पटेल सामाराम नेताम, बांसला परगना मांझी लक्खूराम दर्रो, जग्गूराम कल्लो, विक्रमगंज गायता बैसूराम दर्रो, मंशाराम नेताम, जुनवानी ग्राम गायता, राजेन्द्र कोमरा, पांडरपुरी गायता कृष्ण केडाम, उतामार गायता देवप्रसाद नरेटी, चंदन सिंह नेताम, सोमजी दर्रो, मेहरसिंह कोमरा, राजेश दुग्गा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांकेर में मानसून सक्रिय, भारी वर्षा के संकेत, ऑरेंज अलर्ट जारी

कांकेर में एक सप्ताह तक बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय है और आगामी एक सप्ताह तक मौसम के बदले हुए मिजाज के बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले सात दिनों तक जिले में रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होने के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा भी दर्ज की जा सकती है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने कांकेर के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक होने पर ही यात्रा करने की अपील की है।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार और सोमवार को जिले में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश होने की संभावना है। मंगलवार और बुधवार को भी बादल छाए रहेंगे तथा रुक-रुककर वर्षा का दौर जारी रहेगा। गुरुवार और शुक्रवार को बारिश की गतिविधियों में



और तेजी आने के संकेत हैं। सप्ताहांत में भी मौसम में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है तथा शनिवार और रविवार को भी वर्षा होने के आसार बने हुए हैं। पूरे सप्ताह के दौरान अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। लगातार बादल छाए रहने और बारिश के कारण लोगों को उमस से राहत मिलेगी, हालांकि निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन सकती है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, तेज बहाव वाले नदी-नालों को पार करने का प्रयास न करें तथा बिजली गिरने की आशंका के समय खुले मैदानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। मौसम विभाग ने कहा है कि आगामी दिनों में मौसम की स्थिति में बदलाव संभव है, इसलिए लोग नियमित रूप से आधिकारिक मौसम बुलेटिन पर नजर बनाए रखें।

### जलनिकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक

*मौसम विशेषज्ञों के अनुसार लगातार वर्षा किसानों के लिए धान की फसल के लिहाज से लाभकारी साबित हो सकती है, लेकिन अत्यधिक बारिश की स्थिति में खेतों में जलनिकासी की उचित व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक होगा। वहीं, नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि की संभावना को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।*

## मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय का निरीक्षण किया

# सीजे ने न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर का विस्तृत निरीक्षण कर न्यायिक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने न्यायालय की कार्यप्रणाली, अधोसंरचना, डिजिटलीकरण और नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही न्यायिक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए न्याय व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने पर जोर दिया। निरीक्षण के बाद न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से संवाद कर उन्होंने न्याय वितरण प्रणाली को समयानुकूल और सशक्त बनाने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, परिवार न्यायालय, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा व्यवहार न्यायाधीश के न्यायालयों का अवलोकन किया। इसके अलावा उन्होंने सेंट्रल प्रोसेस अनुभाग, अभिलेखागार, सर्वर कक्ष, लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, मालखाना, लेखा अनुभाग, ग्रंथालय, डिजिटलीकरण एवं स्कैनिंग केंद्र, पीड़िता विश्राम कक्ष तथा किलकारी कक्ष सहित न्यायालय परिसर के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों से सौहार्दपूर्ण चर्चा की। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की प्राथमिकता आम नागरिक को त्वरित, पारदर्शी और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। इसके लिए न्यायालयों की कार्यप्रणाली को आधुनिक तकनीक, बेहतर अधोसंरचना और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ निरंतर सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया सागौन के पौधे का रोपण





### निरीक्षण के दौरान यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार टामक, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय मिंज, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश विभा पांडेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांति प्रभु सहित जिला न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण

*निरीक्षण के उपरांत मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने न्यायालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सागौन का पौधा रोपित किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि न्याय के साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।*

### जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार पर काटागांव भाजपा इकाई का जोर

**कोरर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर अंतर्गत शक्ति केंद्र काटागांव की मासिक बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान, जिला अध्यक्ष महेश जैन के निर्देश तथा मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप के मार्गदर्शन में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के जयघोष और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों के साथ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल महामंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रभारी नरेंद्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि बैठक का उद्देश्य आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं अभियानों की रूपरेखा तय करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सफलता का आधार मजबूत बूथ, सशक्त शक्ति केंद्र और प्रभावी मंडल की त्रिशक्ति है। शक्ति केंद्र बूथ और मंडल के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

# निर्माण कार्यों व जनशिकायतों की समीक्षा, समयबद्ध क्रियान्वयन पर कलेक्टर ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, निर्माण कार्योंं एवं जनहित से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुंचे और लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए।


बैठक में कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समय–सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर मुन्ने एवं सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों का भी गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पंजीयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को विशेष शिविर आयोजित कर शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य को भी निर्धारित समय में पूर्ण करने को कहा। कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र भवन, छात्रावास, मर्दापाल एवं माकड़ी महाविद्यालय भवन, माकड़ी, फरसगांव, बड़ेराजपुर एवं केशकाल के पुस्तकालय भवन तथा केशकाल बायपास सड़क सहित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्य निर्धारित समय–सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## समय–सीमा बैठक में योजनाओं के संबंध में ली जानकारी

### स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष फोकस

बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित मरीजों की नियमित निगरानी एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही 13 से 18 जुलाई तक चल रहे एचपीवी टीकाकरण पखवाड़े के दौरान सभी पात्र किशोरियों एवं महिलाओं का शत–प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

### सरकारी कार्यालयों में शुरू होगी प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था



विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि अगले माह से जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर आधारित प्रीपेड बिलिंग व्यवस्था लागू की जाएगी। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चित्रकांत ठाकुर, जिले के सभी एसडीएम तथा वभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अफसर- कर्मियों को एनडीआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण



**फरसगांव/विश्रामपुरी।** कोंडागांव जिले में चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत शनिवार को विश्रामपुरी क्षेत्र में निर्माणाधीन टनल परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन एवं बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ के उप निरीक्षक डी.के. समोता ने प्रतिभागियों को भूकंप, बाढ़, आग एवं आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान आधुनिक बचाव उपकरणों का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। अधिकारी और कर्मचारियों को आपदा की स्थिति में प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण मिल सके। प्रशिक्षण में सुरक्षा मानकों के पालन और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने पर भी विशेष जोर दिया गया।

### हाईस्कूल चांडाबेड़ा में 180 पौधों का रोपण



**फरसगांव।** शासन के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शासकीय हाईस्कूल चांडाबेड़ा परिसर में शनिवार को विभिन्न प्रजातियों के 180 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ेडोंगर क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सलाम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य सुश्री सुरभि, सीएससी पवन निषाद, सुरेंद्र नायक, सोनू नरेटी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कर पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की गई।

### मुनगा पौधारोपण जन आंदोलन का शुभारंभ



**कोण्डागांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले में कुपोषण उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण और पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुपोषण की ओर एक कदम मुनगा पौधारोपण जन आंदोलन का शुभारंभ किया। अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में मुनगा सहजन एवं विभिन्न फलदार पौधों का रोपण कर सुपोषण वाटिकाएं विकसित की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को पोषण वाटिका के रूप में विकसित करना है, ताकि बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को स्थानीय स्तर पर पौष्टिक फल और हरी सब्जियां उपलब्ध हो सकें। पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, स्वयं सहायता समूहों, स्कूल प्रबंधन समितियों और स्थानीय नागरिकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और सुपोषण का संकल्प लिया। अधिकारियों ने बताया कि मुनगा की पत्तियों, फलियों, फूलों और बीजों में प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम, विटामिन–ए और विटामिन–सी जैसे आवश्यक पोषक तत्व प्रचुर मात्र में पाए जाते हैं, जो बच्चों के शारीरिक विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं।

## समाज : चारामा की बैठक में कई मुद्दों पर किया गया गहन चिंतन

# जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस के लिए तय रूपरेखा पर तैयारी शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा



विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियां जिलेभर में तेज हो गई हैं। जिला स्तरीय विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को अंतागढ़ में मनाने को लेकर चारामा में सर्व आदिवासी समाज के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। अंतागढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक नृत्य, जागरूकता रैली, सांस्कृतिक झांकियां, सम्मान समारोह सहित कई आयोजन होंगे। युवाओं को अपनी भाषा, संस्कृति और इतिहास से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

आयोजित बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, इतिहास और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि समाज की गौरवशाली पहचान और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। बैठक में बताया गया कि आदिवासी समाज की पहचान जल, जंगल और जमीन से जुड़ी जीवनशैली, पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, लोकगीत और रीति-रिवाज हैं। इन्हें संरक्षित रखना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज से जुड़े ज्वलंत एवं स्थानीय मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्र में गौण खनिजों के लगातार हो रहे दोहन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और गौण खनिजों पर पहला अधिकार स्थानीय मूल निवासियों का होना चाहिए। साथ ही अवैध उत्खनन पर रोक लगाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली और छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग को भी विश्व आदिवासी दिवस के मंच से प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया।

### शामिल रहे बैठक में

आयोजित बैठक में सर्व आदिवासी समाज ब्लाक अध्यक्ष चारामा गौतम कुंजाम, जिला कांकेर सचिव महेंद्र गावड़े, हीरा सिंह कोला, श्रवण दर्रो मांझी, कमल कोमरा, ठाकुर राम कश्यप, रवि लाल नायक, नम्मू नेताम, श्याम सिंह तारम, हरे सिंह नेताम, देव प्रसाद जुर्री, बिनु सिंह कांगे, जय प्रकाश गावड़े, हरिश्चंद्र कांगे, अशवन कुंजामसहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहें।

### गौण खनिजों के दोहन पर चिंता जताई

वरिष्ठ आदिवासी नेता ठाकुर राम कश्यप ने कहा कि आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं के साथ-साथ अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति भी जागरूक रहना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा से जोड़ना, जल-जंगल-जमीन की रक्षा करना तथा समाज के अधिकारों के लिए संगठित होकर आवाज उठाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। गोंडवाना समाज समन्वय समिति के संरक्षक विजय ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में आदिवासी समाज से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दे लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने गौण खनिजों के दोहन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का लाभ स्थानीय लोगों को मिलना चाहिए। साथ ही शिक्षा, रोजगार और समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। सामाजिक सलाहकार अश्वनी कांगे ने कहा कि समाज के युवाओं की भागीदारी के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक एकता को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रावास, पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करनी होगी।

# वरिष्ठ छात्रावास अधीक्षकों को मंडल संयोजक बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ फरसगांव

छात्रावास अधीक्षक संघ ने सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि वर्तमान में मंडल संयोजक के रूप में कार्यरत शिक्षकों को उनकी मूल संस्था में वापस भेजा जाए। उनके स्थान पर वरिष्ठ छात्रावास अधीक्षकों को मंडल संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी जाए।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त कर विद्यालयों में शिक्षण कार्य हेतु भेजा जा रहा है। ऐसे में मंडल संयोजक के पद पर कार्यरत शिक्षकों को भी मूल संस्था में भेजना आवश्यक है, जिससे विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। संघ का कहना है कि वरिष्ठ छात्रावास अधीक्षक लंबे समय से छात्रावास संचालन, विद्यार्थियों के प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यों का अनुभव रखते हैं। इसलिए मंडल संयोजक का दायित्व उन्हें दिए जाने से विभागीय कार्यों का संचालन अधिक प्रभावी एवं सुचारु रूप से हो सकेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। संघ ने आशा व्यक्त की कि उनकी मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान छात्रावास अधीक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सुश्री कल्याणी सुनहरे, जिला सचिव अजित ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष संदीप नेताम, सौरभ बघेल, गीतेश्वर वर्मा, नीरज ध्रुवंशी, भूषण खूटे, संदीप साहू, सौरभ चंद्रकार, छत्रधारी साहू, दीपेश कुंवर समेत अन्य मौजूद रहे।

## 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण का समापन



**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत मर्दापाल में एसबीआई आरसेटी कोंडागांव द्वारा आयोजित 30 दिवसीय ऑफ–कैम्पस राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई के मार्गदर्शन में किया गया। 13 जून से प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण में ग्रामीण युवाओं को ईंट चिनाई, नींव निर्माण, प्लास्टर, आरसीसी कार्य, माप एवं लेवलिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, निर्माण सुरक्षा मानकों तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण की तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। समापन समारोह में अतिथियों ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के साथ जिले में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्योंं को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से अर्जित कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने और विकास कार्योंं में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आरसेटी कोंडागांव के निदेशक एवं जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। दी गईं।

## सीजीपीएससी एसआई प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संपन्न

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। जिले में कुल 1057 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 974 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 83 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया। शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय 250 में से 235 उपस्थित, 15 अनुपस्थित। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 250 में से 229 उपस्थित, 21 अनुपस्थित। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, तहसीलपारा 257 में से 234 उपस्थित, 23 अनुपस्थित। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जामकोटपारा 300 में से 276 उपस्थित, 24 अनुपस्थित।कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में परीक्षा के लिए व्यापक प्रशासनिक तैयारियां की गईं। डिप्टी कलेक्टर अश्वन कुमार पुसाम को नोडल अधिकारी तथा शशिभूषण कन्नौजे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया था।

# शिक्षा व्यवस्था, नीट में पारदर्शिता की मांग को लेकर युवाओं ने किया प्रदर्शन



कोण्डागांव। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता और नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में शुक्रवार को युवा शक्ति के बैनर तले सैकड़ों छात्रें और युवाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी मांगें प्रशासन के माध्यम से प्रेषित कीं। युवा शक्ति के कार्यकर्ता बैनर और पोस्टर के साथ रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार और परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर नारेबाजी की। ज्ञापन में सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर करने, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीति बनाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में नीट परीक्षा से जुड़े विवादों और कथित अनियमितताओं से छात्रें एवं अभिभावकों का भरोसा प्रभावित हुआ है। इसी संदर्भ में ज्ञापन में केंद्रीय शिक्षा मंत्री की जवाबदेही तय करने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई। युवा शक्ति के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर 15 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार आगे भेजने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र अध्यक्ष अमन सागर, लोकेश नेताम, उमर मेमन, मनीष वर्मा, राजेश पोयाम, मुन्ना नेताम, भूपेश मरकाम, ओम प्रकाश पोयाम, देवेंद्र सेठिया, गंगा नेताम, अंश सागर, मनीष नेगी, प्रेम पोयाम, विक्रम नेताम, भावेश नाग, सागर, रितु कश्यप, शालिनी खोबराखड़े, सुषमा, शिवानी कोराम, भगवती सहित बड़ी संख्या में छात्र–युवा उपस्थित रहे।

# 33 वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोण्डागांव पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन में यातायात पुलिस ने बिना परमिट संचालित वाहनों, क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाली बसों तथा बिना नंबर के वाहनों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस की टीम ने जिले के विभिन्न प्रमुख मार्गोंं पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान बसों, भारी वाहनों तथा अन्य व्यावसायिक वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान बिना वैध परमिट संचालित वाहन, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाली बसें तथा बिना पंजीयन नंबर वाले वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 33 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इन प्रकरणों में पुलिस द्वारा 20 हजार 300 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। कार्रवाई के साथ–साथ यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। पुलिस अधिकारियों ने चालकों से अपील की कि वे वैध दस्तावेजों के साथ वाहन चलाएं, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, बिना नंबर या बिना परमिट वाहन का संचालन न करें तथा सभी यातायात नियमों का पालन करें।

## पेज 9 का शेष

### तुड़गे में तीन परिवार ...

सभी परिवारों का तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर और शुभकामनाएं देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने सभी परिवारों को पुनः समाज में सम्मिलित करते हुए सामाजिक एकता, पारंपरिक मूल्यों और रीति-रिवाजों के पालन का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि अपनी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक परंपराओं का संरक्षण समाज की मजबूती के लिए आवश्यक है तथा आने वाली पीढ़ियों तक इन्हें सुरक्षित रूप से पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति देवेन्द्र टेकाम ने मूल धर्म में लौटे सभी परिवारों का स्वागत करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जुड़े रहना समाज की पहचान और मजबूती का आधार है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रीति-नीति और परंपराओं का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ जीवनयापन करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से सामाजिक एकता बनाए रखने तथा अपनी सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखने का भी आह्वान किया। पूरे आयोजन का वातावरण शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण रहा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने सामाजिक समरसता, पारंपरिक संस्कृति के संरक्षण और आपसी सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

### भंडारीपारा के योग ...

और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे प्रत्येक शनिवार विद्यालय में नियमित योगाभ्यास करेंगे तथा अपने गांव में भी योग के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। प्रातः 7 से 9 बजे तक आयोजित शिविर में 90 से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षिकाएं सीमा ठाकुर, श्रेया कोरे, फुलमत टेकाम, कालिंद्री साहू, शिक्षक इम्तियाज आलम, चंद्रजय मरकाम, बाल कैबिनेट के पदाधिकारी एवं एसएमसी सदस्यों ने सहभागिता निभाई।

### जनकल्याणकारी योजनाओं के ...

रखने पर जोर दिया। बैठक में कार्यकर्ताओं से विपक्ष के कथित दुष्प्रचार का तथ्यों के आधार पर जवाब देने और सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने की अपील भी की गई। इस अवसर पर मंडल मंत्री दशरथ यादव, थान सिंह साहू, किसान मोर्चा महामंत्री लोकेश साहू, युवा मोर्चा महामंत्री धनंजय साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष पार्वती साहू, भारतराम हिचामी, अमरचंद्र सिन्हा, मिलापराम हिचामी सहित भाजपा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### एकलव्य विद्यालय बिसौली में कामर्स विषय शुरू

**भानपुरी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बिसौली में इस वर्ष कॉमर्स का विषय प्रारंभ किया जा रहा है। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पूर्व से ही साइंस और आट्र्स की कक्षाएं संचालित है। इस वर्ष कॉमर्स विषय के प्रवेश हेतु समस्त अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि हमारे विद्यालय में सत्र 26 -27 के लिए कक्षा 11 में कॉमर्स स्ट्रीम में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। सीटों की संख्या 30 है योग्यता 10वीं उत्तीर्ण आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026 है उक्त जानकारी एप्कलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बिसौली के प्राचार्य सरोज मरकाम के द्वारा दिया गया।

### डॉ. पूर्णिमा सरोज ग्लोबल प्राइड अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित



**जगदलपुर।** बस्तर जिले में शिक्षा, साहित्य,कला, लोक संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान और समाजसेवा में सक्रिय प्राचार्य डॉ. पूर्णिमा सरोज को केरल के तिरुवनंतपुरम में ग्लोबल प्राइड अचीवर्स अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गुलाटी इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस एंड टैक्सेशन में आयोजित 22वीं राष्ट्रीय कार्यशाला एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया। गोपाल किरण समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष प्रकाश सिंह निमराजे ने कहा कि डॉ. पूर्णिमा सरोज शिक्षा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल हैं। संस्था उन्हें इससे पूर्व नेपाल एवं कन्याकुमारी और पांडिचेरी में बुद्ध इंटरनेशनल अवार्ड, ग्लोबल आइकन अवॉर्ड, लाइफ टाइम अचीवर्स अवार्ड सहित विभिन्न राष्ट्रीय आयोजनों में भी सम्मानित कर चुकी है।

### भक्तिरस में डूबा सिरहासार भवन का पूरा इलाका



**जगदलपुर।** जनक पुरी में भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र स्वामी के दर्शन के लिए गांव गांव से लोग पहुंच रहे है। रविवार छुट्टी के दिन होने के कारण सीरासार भवन और उसके आसपास मेला जैसा माहौल था। लोग परिवार सहित भगवान का दर्शन करने गुंड़िचा मन्दिर पहुंच रहे हैं। 19 जुलाई को जनकपुरी परिसर में अखंड रामायण पाठ की शुरूआत की गई। स्थानीय भजन मंडलियों और मानस गायकों ने संगीतमय रामायण पाठ किया जिससे पूरा सिरहासार भवन परिसर भक्तिमय हो उठा यह पाठ निरंतर 24 घंटे चलेगा। जनकपुरी में दैनिक महापूजा व छप्पन भोग देव विग्रहों की सेवा मंदिर के पुजारियों द्वारा की जा रही है। आज सुबह 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के पुजारियों ने कपूर आरती और विशेष श्रृंगार पूजा की। भगवान को दोपहर में विशेष छप्पन भोग अर्पित किया गया। जनकपुरी क्षेत्र में जगन्नाथ पुरी से लाया गया महा प्रसाद भी रखा गया है जो श्रद्धालुओं को 201 रुपए में दिया जा रहा है। कई श्रद्धालु श्रद्धा पूर्वक इस प्रसाद को अपने सामर्थ्य अनुसार 201 से भी अधिक राशि उपलब्ध करा कर ग्रहण कर रहे है।

# जिले के नौनिहालों की ऊंची उड़ान, 'छू लो आसमान' के 9 मेधावी बनेंगे डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के प्रतिष्ठित आवासीय कोचिंग संस्थान 'छू लो आसमान' बालूद ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया है। संस्थान के 9 मेधावी विद्यार्थियों ने 350 से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इन विद्यार्थियों का शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस (चिकित्सा स्नातक) पाठ्यक्रम में प्रवेश लगभग सुनिश्चित माना जा रहा है। इस उपलब्धि से न केवल संस्थान, बल्कि पूरे जिले में हर्ष और गौरव का वातावरण है। इस ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने संस्थान पहुंचकर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के समर्पित शिक्षकों, नोडल अधिकारी तथा अधीक्षक का गुलदस्ता, डायरी और पेन भेंट कर सम्मान किया तथा उनके समर्पण, परिश्रम और उत्कृष्ट मार्गदर्शन की सराहना की। इस दौरान अधिकारियों ने सफल विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही संस्थान के सभी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का उत्सव मनाया गया।

**नीट में सफलता पर शिक्षक और नोडल अधिकारी सम्मानित**



### मेहनत और अनुशासन रंग लाया

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन तथा संस्थान के अनुशासित एवं लक्ष्य आधारित शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'छू लो आसमान' संस्थान भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देकर जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को चिकित्सा एवं अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने का कार्य करता रहेगा तथा जिले का नाम प्रदेश और देशभर में गौरवान्वित करेगा।

## धुरली में 33.60 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : महेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सांसद महेश कश्यप ने शनिवार को एनएमडीसी लिमिटेड, किरंदुल कॉम्प्लेक्स के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) मद के

- **सड़क, सोलर पंप और स्ट्रीट लाइट का सांसद ने किया भूमिपूजन**

तहत ग्राम धुरली में 33 करोड़ 60 लाख रूपये के के लागत का सड़क, सोलर हाईमास्ट, सोलर ड्यूल पंप एवं स्ट्रीट लाइट का भूमि पूजन। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुजाम, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेष, जनप्रतिनिधिगण सुनिता भास्कर, सुकालू मुड़ामी, संतोष गुप्ता, रामू नेताम,रमेश गावड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। अपने संबोधन में बस्तर सांसद ने कहा कि खनन क्षेत्रों में सीएसआर मद के तहत खनन कंपनियों को अपने लाभांश की राशि अपने सामाजिक उत्तर दायित्वों के तहत देने का प्रावधान है। परन्तु खेद है कि पूर्ववर्ती शासन वर्षों से इस राशि का सही उपयोग नहीं किया जिससे यह क्षेत्र वास्तविक विकास से वंचित रहे।



परन्तु स्व. अटल बिहारी वाजपेई की दूरदर्शिता से छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात बस्तर जिले का सर्वांगीण विकास का सूर्योदय हुआ। प्रधान मंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में जल जंगल जमीन का संरक्षण और टिकाऊ विकास की अवधारणा की अनुरूप धरातलीय क्रियान्वयन किया जा रहा है। साथ ही साथ डीएमएफ और सीएसआर मद की राशियों का पारदर्शितापूर्वक सही और वास्तविक उपयोग संभव हो सका है। उन्होंने राज्य और केंद्र की विकास कार्य योजना की प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही हैं। फिर चाहे वह कश्मीर में धारा 370 का हटाया जाना हो अथवा बस्तर जैसे क्षेत्रों में नक्सली उन्मूलन को अंजाम देना हो सरकार अपनी प्रतिबद्धता से पीछे कभी नहीं हटेगी। शासन का संकल्प 2031 तक बस्तर को भारत का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बस्तर में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा रहा है। सड़क मार्ग को विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोले जा रहे है। इस क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष द्वारा भी क्षेत्र में विकास की परिकल्पना को साकार रूप देने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा गया स्थानीय ग्रामीणों ने जो प्रमुख मांगे रखी थी उसका भूमिपूजन संपन्न हुआ है।

कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने भी संबोधित किया। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए बस्तर सांसद एवं एनएमडीसी प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, एनएमडीसी के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा एनएमडीसी

एनएमडीसी महाप्रबंधक कोड़ली श्रीधर ने भी एनएमडीसी द्वारा विगत वर्षों में एनएमडीसी के सहयोग से किए गए विकास उपलब्धियों की प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएमडीसी द्वारा भविष्य में भी जनप्रतिनिधियों और जनता के इच्छाओं के अनुरूप कार्य को मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एनएमडीसी द्वारा आने वाले समय में खेल प्रोत्साहन के तहत स्थानीय युवाओं के लिए कबड्डी जैसे टूर्नामेंट आयोजित किए जाएगें।

### हिरोली, समलवार और चोलनार को मिली विकास की सौगात

ग्राम हिरोली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद ने आदर्श ग्राम हिरोली , समलवार एवं चोलनार में 17 सीसी सड़क निर्माण, 15 सोलर हाईमास्ट, 24 सोलर ड्यूल पंप तथा 3 सोलर स्ट्रीट लाइट सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि कई पीढ़ियां मूलभूत सुविधाओं की प्रतीक्षा करती रहीं, लेकिन अब इन क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में ठोस कार्य किए जा रहे हैं।

# जावंगा में 428 छात्रों ने दी प्रवेश परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बस्तर क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को चिकित्सा क्षेत्र में एक सुनहरा भविष्य देने के लिए राष्ट्रीय खनिज विकास निगम

- **बस्तर के आदिवासी युवाओं को मुफ्त मेडिकल शिक्षा का मौका**

बचेली के सीएसआर विभाग ने एक बेहतरीन और अनूठी पहल की है। एनएमडीसी स्वास्थ्य कौशल योजना के तहत क्षेत्र के आदिवासी छात्र-छात्राओं को विभिन्न मेडिकल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में बिल्कुल मुफ्त उच्च शिक्षा हासिल करने का मौका मिल रहा है। 18 जुलाई को जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर में एक लिखित प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। स्क्रूटनी के बाद 428 योग्य विद्यार्थियों का चयन किया गया, जो इस लिखित प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आंध्र प्रदेश के चित्तूर स्थित प्रसिद्ध अपोलो यूनिवर्सिटी से शिक्षिकाएं विशेष रूप से जावंगा पहुंचीं। उनकी देखरेख में ही इस परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

### एनएमडीसी उठाएगा पढ़ाई का पूरा खर्च

लिखित परीक्षा के परिणामों के बाद छात्र-छात्राओं का चयन पूरी तरह से मेरिट के आधार पर होगा। अंतिम रूप से मेडिकल परीक्षण में सफल होने वाले विद्यार्थियों को अपोलो यूनिवर्सिटी, चित्तूर भेजा जाएगा। चयनित छात्र-छात्राओं की पढ़ाई, रहने और खाने-पीने का सारा खर्च एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा वहन किया जाएगा। इस पूरी परीक्षा और चयन प्रक्रिया को एनएमडीसी के उप-महाप्रबंधक (मानव संसाधन-सीएसआर) के कुशल मार्गदर्शन और सीएसआर विभाग के कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया। एनएमडीसी के इस कदम की बस्तर क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।

# परचनपाल के व्याख्याता समीर मिश्रा को डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोंड

कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में पदस्थ व्याख्याता समीर मिश्रा को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट इन

- **32 वर्षों के शैक्षणिक योगदान के लिए दिल्ली में सम्मानित**



एजुकेशन की उपाधि से सम्मानित किया गया है। सम्मान समारोह दिल्ली के ग्रीन लाउंज होटल में आयोजित एक बड़े रंगारंग कार्यक्रम में संपन्न हुआ। उपाधि प्राप्त करने के पश्चात अब वे डॉ. समीर मिश्रा के नाम से जाने जाएंगे।

डॉ. मिश्रा शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 32 वर्षों से सक्रिय हैं। वर्ष 1993 में सरस्वती शिशु मंदिर से अध्यापन की शुरुआत करने वाले डॉ. मिश्रा आज तक विद्यार्थियों की सेवा में निरंतर लगे हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में पढ़े अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न विभागों में उच्च पदों पर पदस्थ हैं। उनकी लगातार पढ़ने की ललक उनकी शैक्षणिक योग्यताओं से स्पष्ट झलकती है। उन्होंने बीकॉम, एमए - समाजशास्त्र, लोक प्रशासन, संस्कृत, भूगोल, राजनीति, इतिहास, रूरल डेवलपमेंट, साथ ही 2 बार बीपीएड एवं बीएड की उपाधियां अर्जित की हैं।

इसके अतिरिक्त बीजेएमसी (बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) एवं मानवाधिकार में डिप्लोमा भी किया है। विद्यालय परिवार, छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर डॉ. मिश्रा को शुभकामनाएं दी हैं।

# पर्यटन नगरी बारसूर में सार्वजनिक शौचालय बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले की पर्यटन नगरी के रूप में पहचान रखने वाले बारसूर नगर में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय बदहाली का शिकार हो गए हैं। नगर पंचायत द्वारा वर्षों पूर्व निर्मित

- **गंदगी और झाड़ियों का अंबार, खुले में शौच को मजबूर हो रहे पर्यटक व स्थानीय लोग**

शौचालय आज गंदगी, टूट-फूट और जंगल झाड़ी में बदल चुके हैं। नतीजतन पर्यटकों और स्थानीय लोगों को खुले में शौच करने को मजबूर होना पड़ रहा है। नगर पंचायत द्वारा शहीद चौक, पुराना बाजार में खेल मैदान के समीप तथा बारसूर-मुचनार रोड पर डेनेक्स के निकट दो-दो कमरों





वाले सार्वजनिक शौचालय बनवाए गए थे। शहीद चौक वाले शौचालय का उपयोग निर्माण के बाद कुछ दिनों तक ही हुआ। इसके बाद नगर पंचायत ने इसमें ताला लगा दिया था। स्थानीय नागरिकों के विरोध पर ताला तो खोल दिया गया, लेकिन रखरखाव के अभाव में यह पूरी तरह बंद हो गया। अब यहां चारों ओर झाड़ियां और जंगल उग आए हैं।

### पर्यटकों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी

बारसूर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक बत्तीसा मंदिर, गणेश मंदिर और अन्य ऐतिहासिक स्थल देखने आते हैं। शौचालय न मिलने के कारण उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। राहगीरों के साथ-साथ बाजार आने वाले लोगों को भी असुविधा होती है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शौचालयों का तत्काल जीर्णोद्धार कर, स्थाई सफाईकर्मी की नियुक्ति की जाए ताकि बारसूर को वास्तव में स्वच्छ और पर्यटक अनुकूल नगर बनाया जा सके।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## बच्ची को लेने स्कूल पहुंचे युवक पर दिनदहाड़े लोहे की राड से हमला



**कांकेर।** शहर कांकेर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ईमलीपारा क्षेत्र में स्कूल से एक बच्ची को घर लाने पहुंचे युवक के साथ कथित तौर पर बिना किसी वजह के विवाद करते हुए एक युवक ने पहले गाली-गलौज की, फिर थप्पड़ों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। बीच सड़क हुई इस घटना को देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद शांत कराया। मामले की शिकायत पर थाना कांकेर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ईमलीपारा निवासी 41 वर्षीय संध्या सागर पति राजू सागर ने थाना कांकेर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह एक गैर-सरकारी संस्था (एनजीओ) में फील्ड वर्कर के रूप में कार्यरत हैं और किराए के मकान में रहती हैं। पुलिस को बताया कि 18 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने अपनी बेटी को स्कूल से घर लाने के लिए परिचित युवक आदित्य चौहान को भेजा था। आदित्य उनके घर के बाहर खड़ा था, तभी कॉलोनी में रहने वाला हर्शू नामक युवक वहां पहुंचा और बिना किसी कारण उसके साथ विवाद करने लगा। आरोप है कि हर्शू ने आदित्य से कहा कि तू यहां कैसे आया है, कहते हुए अभद्र गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने थप्पड़ों से मारपीट की तथा लोहे की रॉड से आदित्य के पैर पर वार कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों को अलग कराया। शिकायत के आधार पर थाना कांकेर पुलिस ने आरोपी हर्शू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296 एवं 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

- लीपारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी

## योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंचे : कश्यप



**जगदलपुर।** चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के लोहण्डीगुड़ा मंडल के बड़ांजी शक्ति केंद्र के ग्राम पंचायत बड़ांजी में भाजपा की शक्ति केंद्र स्तर की बैठक किया गया। संगठन की मजबूती, स्थानीय समस्याओं के समाधान तथा शासन के योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ बैठक में सभी बूथों के बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2 एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं बैठक प्रभारी भरत कश्यप ने अधिक से अधिक पार्टी के नीति एवं रीति को मजबूत बनाने के साथ शासन के प्रत्येक योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी देश और समाज के साथ प्रत्येक आम व्यक्ति के साथ है। पार्टी की नीति रीति एवं योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। हम सभी को मिलकर मजबूत इरादों के साथ समर्पण से कार्य करना है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# नवोदय विद्यालय करप में मोबाइल के उपयोग पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जवाहर नवोदय विद्यालय करप में शनिवार को सत्र 2026-27 के पालक-शिक्षक संघ की वार्षिक बैठक उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई, जबकि कक्षा 10वीं की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अभिभावकों एवं अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया।

बैठक के दौरान प्राचार्य अशोक कुमार बिसेन ने अभिभावकों का अतिथि देवो भव की भावना से स्वागत किया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच सतत संवाद और समन्वय को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में परिवार और विद्यालय दोनों की समान भूमिका होती है। बैठक में विद्यार्थियों की मानसिकता एवं व्यवहार संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षक और अभिभावकों के बीच बेहतर तालमेल पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही विद्यालय परिसर में मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रखने के लिए अभिभावकों से सहयोग करने की बात कही गई। बच्चों को संस्कारवान एवं अनुशासित नागरिक बनाने के लिए भी अभिभावकों को जागरूक किया गया।

### पालक-शिक्षक संघ की बैठक में बच्चों के संस्कार, मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर टीकाकरण विषयों पर चर्चा



#### उपलब्धि गिनाई

*इस दौरान पीजीटी हिन्दी सूरजमल बैरवा ने कैंसर टीकाकरण के प्रति जागरूकता अभियान चलाते हुए इसके महत्व और लाभों की जानकारी दी। वहीं टीजीटी अंग्रेजी शुभाश्री पॉल ने सत्र 2025-26 के दौरान विद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।*

#### चुनौतियों व सहयोग से करे सामना

बैठक में विगत सत्र 2025-26 के पालक-शिक्षक संघ द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित समिति में जमुना राणा, ओमप्रकाश डाड़सेना, महावीर ठाकुर, हेमप्रभा कटवेर, संदीप कुमार दुबे, मिथिला जैन, मनीषा सोनी, नीलूराम रजक, मुकेश कुमार देवांगन, चुम्मन लाल दर्रो, बुकसी बघेल, कमलेश्वरी प्रधान, राजेश कुमार खरे एवं प्रशांत भुआर्य को शामिल किया गया। अंत में प्राचार्य ने विश्वास जताया कि विद्यालय की हर चुनौती का सामना सभी के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए सभी आवश्यक संसाधन एवं योग्य शिक्षक उपलब्ध हैं।

### नगर, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर अलग-अलग टोली बनाकर जनसंपर्क किया जाएगा

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के लिए ब्लाकों में 27 को हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने तथा पूरे भारत में मजबूत, एकसमान और प्रभावी गोरक्षा कानून लागू करने की जनभावना को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत रविवार को गायत्री मंदिर अन्नपूर्णापारा कांकेर में एक भव्य जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों, गौ भक्तों, गौ सेवा आयोग के सदस्यों, समाज प्रमुखों, संतजनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का शुभारंभ भारत माता, गायत्री माता, गौ माता एवं पूज्य संतों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। इसके बाद उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने गौ माता के संरक्षण एवं सम्मान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। अभियान के उद्देश्य, स्वरूप तथा आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में जिला प्रभारी सोनसाय साहू ने अभियान की रूपरेखा एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत मार्गदर्शन देते हुए कहा कि गौ माता के सम्मान और संरक्षण का यह अभियान जन-जन का अभियान बने, इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने 27 जुलाई को आयोजित होने वाले विशाल हस्ताक्षर अभियान को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। निर्णय लिया गया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड, नगर, ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर अलग-अलग टोली बनाकर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक टोली घर-घर जाकर लोगों को अभियान की जानकारी देगी तथा अधिक से अधिक हस्ताक्षर एकत्र करेगी। इसके साथ ही धार्मिक आयोजनों, साप्ताहिक बाजारों, मंदिर परिसरों, सामाजिक कार्यक्रमों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी हस्ताक्षर अभियान संचालित किया जाएगा। विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। प्रचार-प्रसार समिति, मीडिया समन्वय समिति, जनसंपर्क समिति, हस्ताक्षर संग्रह समिति, मंच व्यवस्था समिति, स्वयंसेवक समिति तथा कार्यक्रम संचालन समिति का गठन कर अलग-अलग जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं। सभी पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, चेम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स अध्यक्ष अनूप शर्मा, ललित गाँधी, संतोष यादव, दिनेश सिन्हा, वीरेंद्र यादव, अशोक यादव, जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के जनपद सभापति विकास राजू नायक, महेन्द्र क्षत्रीय, डॉ. अशोक नाग, राजेंद्र सलाम, सोहन लाल साहू सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने गौ माता को भारतीय संस्कृति, आस्था एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार बताते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

## अच्छी बारिश की कामना से रचाया भीमा विवाह समारोह में उमड़े लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगहुर के आश्रित ग्राम जवाहर खेड़ेगांव में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि और बेहतर फसल की कामना को लेकर वर्षों पुरानी लोक परंपरा भीमा विवाह का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम वर्षा होने से चिंतित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस पारंपरिक अनुष्ठान में भाग लेकर इंद्रदेव से भरपूर बारिश की प्रार्थना की।

सुबह से ही ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित हुए। ढोल-मांदर और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर धुन के बीच गांव में शोभायात्रा निकाली गई। महिलाओं ने लोकगीत गाते हुए पूजा-अर्चना की, जबकि पुरुषों ने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार भीमा विवाह की सभी रस्में निभाईं। पूरे आयोजन के दौरान गांव में श्रद्धा, उत्साह और सामुदायिक एकता का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि भीमा विवाह इस क्षेत्र की प्राचीन लोक परंपरा है, जिसे कम वर्षा या सूखे की स्थिति में आयोजित किया जाता है। मान्यता है कि इस आयोजन से वर्षा के देवता इंद्र प्रसन्न होते हैं और क्षेत्र में अच्छी वर्षा होती है, जिससे खेतों में फसल लहलहाती है और किसानों के जीवन में खुशहाली आती है। ग्रामीणों ने कहा कि आधुनिक समय में भी ऐसी लोक परंपराएं सामाजिक एकता, सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति के प्रति आस्था को मजबूत करती हैं। आयोजन के दौरान जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में रतन लाल, सोहन लाल, धनाजीराम, जयराम, लालजी राम, धनाई बाई, मानकुमारी, जैनी बाई, बासो बाई सहित महिला-पुरुष, बुजुर्ग, युवा और बच्चे उपस्थित रहे।

# अजगर को मारकर सोशल मीडिया पर शेखी बघारी, 3 युवकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



वायरल वीडियो के आधार पर कांकेर वन विभाग की त्वरित कार्रवाई

सोशल मीडिया पर लाइक और वाहवाही बटोरने के लिए अजगर को मारकर उसका वीडियो वायरल करना तीन युवकों को महंगा पड़ गया। वायरल वीडियो वन विभाग तक पहुंचा तो मामले की जांच शुरू हुई। जांच में आरोपियों की पहचान होने के बाद कांकेर वन परिक्षेत्र की टीम ने तीनों युवको को गिरफ्तार कर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। वन विभाग के अनुसार 18 जुलाई 2026 को सोशल मीडिया पर अजगर को मारने का वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो की जांच और आरोपियों की पहचान के बाद 19 जुलाई को मामले में संलिप्त 19 वर्षीय श्लोक जायसवाल पिता प्रदीप जायसवाल निवासी ठेलकाबोड़, 27 वर्षीय कुनाल टेकाम पिता निपेंद टेकाम, निवासी अलबेलापारा और 30 वर्षीय आकाश भोजवानी पिता ईश्वर भोजवानी निवासी बागोडार को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 2(20), 9, 39, 50, 51 एवं 52 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है। किसी भी संरक्षित वन्यजीव का शिकार, उसे मारना या उससे संबंधित वीडियो एवं फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना कानूनन दंडनीय है। विभाग ने स्पष्ट किया कि वन्यजीवों से जुड़े अपराधों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# चेमल माइंस में अयस्क परिवहन ठप, ट्रक मालिकों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम चेमल स्थित लौह अयस्क खदान में पिछले एक सप्ताह से परिवहन कार्य पूरी तरह बंद होने से ट्रक मालिकों और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। परिवहन कार्य ठप रहने से क्षेत्र के दर्जनों ट्रक खड़े हैं, जिससे वाहन मालिकों के साथ-साथ चालक, परिचालक एवं उनके परिवारों की आजीविका भी प्रभावित हो रही है। इस स्थिति को लेकर ट्रक परिवहन संघ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कंपनी प्रबंधन एवं प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर परिवहन कार्य पुनः प्रारंभ कराने की मांग की है।

ट्रक परिवहन संघ दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष जगतराम दुग्गा सहित सुमन नाग, श्रीराम बघेल, हेमंत नाग, शिवचरण सिन्हा एवं सोमल जैन ने बताया कि ग्राम चेमल स्थित खदान में पुष्प स्टील कंपनी द्वारा लौह अयस्क का परिवहन पिछले एक सप्ताह से बंद कर दिया गया है। इसके चलते ट्रक मालिकों को प्रतिदिन भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि अधिकांश वाहन बैंक एवं फाइनेंस के माध्यम से खरीदे गए हैं और नियमित किस्तों का भुगतान करना पड़ता है। परिवहन कार्य बंद होने से आय पूरी तरह रुक गई है, जबकि बैंक की किस्तें, बीमा, टैक्स और वाहन रखरखाव जैसे खर्च लगातार जारी हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय बरसात का मौसम होने के कारण पहले से ही परिवहन कार्य सीमित रहता है। ऐसे में अचानक ढुलाई बंद होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। ट्रकों के खड़े रहने से चालक एवं परिचालकों को भी रोजगार नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।

ट्रक मालिकों का कहना है कि यदि जल्द ही लौह अयस्क परिवहन कार्य पुनः प्रारंभ नहीं किया गया तो कई वाहन मालिकों के लिए बैंक ऋण की किस्तें जमा करना मुश्किल हो जाएगा। इससे वित्तीय दायित्व बढ़ने के साथ-साथ आर्थिक संकट और गहरा सकता है। ट्रक परिवहन संघ ने कंपनी प्रबंधन एवं संबंधित प्रशासन से मांग की है कि परिवहन कार्य बंद होने के कारणों का शीघ्र समाधान कर लौह अयस्क की ढुलाई पुनः शुरू कराई जाए। संघ का कहना है कि परिवहन कार्य बहाल होने से न केवल ट्रक मालिकों को राहत मिलेगी, बल्कि इससे जुड़े सैकड़ों श्रमिकों और उनके परिवारों की आजीविका भी सुरक्षित रह सकेगी।

# नशे में पत्नी की बेदम पिटाई, आरोपी पति पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर क्षेत्र में घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है। शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार माकड़ी निवासी 38 वर्षीय गैंदी नेताम ने बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं। 18 जुलाई की सुबह लगभग 10 बजे उनका पति राकेश नेताम शराब के नशे में घर पर गाली-गलौज कर रहा था। जब मैने उसे गाली देने से मना किया तो वह आगबबूला हो गया। पति राकेश नेताम ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-थप्पड़ों से मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं, उसने बाल पकड़कर उसे दीवार की ओर धक्का दे दिया, जिससे उसकी आंख, चेहरे, हाथ और पैरों में चोटें आईं। घटना के दौरान मेरी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने भी मामला देखा और सुना। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राकेश नेताम के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### अधूरी सड़क पर आवागमन मुश्किल और जोखिमभरा

# पीएम ग्राम सड़क योजना की लापरवाही को भोग रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन खेडेगांव–जवाहर मार्ग पर कथित लापरवाही से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर गायब हो गया है, जिससे बारिश के दौरान आवागमन मुश्किल और जोखिमभरा हो गया है।

- कीचड़ में तब्दील सड़क पर पैदल चलने में हो रही कठिनाई

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर केवल मिट्टी डालकर निर्माण कार्य रोक दिया गया है। हल्की बारिश होते ही पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे दोपहिया वाहन चालक, स्कूली बच्चे, किसान और बुजुर्गों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गहरे गड्ढों के आसपास न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। रात के समय अंधेरे में दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है तथा कार्यस्थल पर ठेकेदार या उसके कर्मचारी दिखाई नहीं दे रहे हैं। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को सुरक्षित और सुगम सड़क सुविधा उपलब्ध कराना है, लेकिन निर्माण एजेंसी की उदासीनता से योजना का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने, पुलिया निर्माण स्थलों पर बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर एवं चेतावनी बोर्ड लगाने तथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के उप अभियंता दीपक चौबे ने बताया कि निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा तथा कार्यस्थल पर आवश्यक संकेतक बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

